निक्षय मित्र पंजीकरण में देश का पहला राज्य बना उत्तराखंड

चर्चा में क्यों ?

3 नवंबर, 2022 को उत्तराखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान में सबसे अधिक निक्षय मित्रों का पंजीकरण कर उत्तराखंड ने देश में पहला स्थान पाया है।

प्रमुख बिंदु

- उत्तराखंड टीबी मरीज़ों की औसत संख्या के आधार पर देश भर में सर्वाधिक निक्षय मित्र पंजीकरण करने वाला राज्य बना है। निक्षय मित्र के रूप में निर्वाचित प्रतिनिधि, राजनीतिक दल, गैर-सरकारी संगठन, कॉरपोरेट संस्थानों समेत कोई भी व्यक्ति पंजीकरण कर सकता है।
- निक्षय मित्र के रूप में प्रत्येक व्यक्ति एक या एक-से-अधिक टीबी रोगियों को कम-से-कम एक वर्ष तक गोद लेकर उपचार में सहयोग करेगा तथा निक्षय मित्र केंद्र सरकार द्वारा सुझाए गए फूड बास्केट प्रत्येक माह रोगी को उपलब्ध कराएगा, जिसकी अनुमानित लागत एक हज़ार रुपए है।
- स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि प्रदेश के तीन जनपदों- टिहरी गढ़वाल, चमोली और चंपावत में शत-प्रतिशत निक्षय मित्रों को रोगी की देखभाल व उपचार के लिये लिंकेज किया गया है, जबकि पाँच ज़िलों अल्मोड़ा, बागेश्वर, रुद्रप्रयाग, ऊधमसिंह नगर और उत्तरकाशी में 95 फीसदी से अधिक निक्षय मित्रों का लिंकेज किया जा चुका है।
- उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत अभी तक राज्य में 5852 निक्षय मित्र बनाए गए हैं। इनमें से 91 प्रतिशत निक्षय मित्रों का टीबी मरीज़ों के साथ लिंकेज कर दिया गया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/uttarakhand-becomes-first-state-in-the-country-to-rrgister-nikshay-mitra